सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी

पत्रांक : कु.स. 1008 /2022

दिनांक 08 दिसम्बर, 2022

प्रापक,

प्राचार्य/प्रबंधक
समस्त संवद्ध विद्यालय/महाविद्यालय

विषय :- यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालन किये जाने के सम्बन्ध में ।

महोदय,

प्रदेश की यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए तथा लोगों का जागरूक करने के उद्देश्य से दैनिक जागरण द्वारा **दिनांक 09.12.2022** को जन-सामान्य द्वारा सड़क सुरक्षा के सम्बन्ध में शपथ लेने का आयोजन प्रस्तावित है, जिसमें माननीय कुलपति महोदय द्वारा विश्वविद्यालय से सम्वद्ध समस्त महाविद्यालयों को उक्त आयोजन में प्रतिभाग कर शपथ लेने के निर्देश प्रदान किये गये है।

शपथ

मैं शपथ लेता हूँ /लेती हूँ कि

- सड़क पर वाहन चलाने से पहले सभी सुरक्षा संबंधी बातों का ध्यान रखूंगा/रखूंगी।
- यातायात नियमों का हमेशा खुद और अपने परिजनों से पालन कराऊंगा/करवाऊगीं।
- दो पहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट पहनूंगा/पहनूंगी।
- कार चलाते समय हमेशा सीटबेल्ट पहनूंगा/पहनूगीं ।
- कभी भी शराब पीकर गाड़ी नहीं चलाऊगां/चलाऊगीं
- वाहन चलाते समय कभी भी मोबाइल फोन पर बात नहीं करूगां/करूगी।
- मैं हमेशा एम्बुलेन्स और फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को पहले जाने के लिए रास्ता दूंगा/दूगीं ।
- सड़क दुर्घटना पीड़ितों की मदद करने के लिए सदैव तत्पर रहूंगा/रहूगीं।

निदेशानुसार अनुरोध है कि कृपया अपने-अपने महाविद्यालयों के शिक्षकों, छात्र-छात्राओं एवं कर्मचारियों को **दिनांक 09 दिसम्बर, 2022 प्रातः 11:00 बजे यातायात जागरुकता** के लिए उक्त शपथ लेने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें।

08.12.22

कुलसचिव
सं.सं.वि.वि., वाराणसी

प्रतिलिपि :- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित -

1. सचिव कुलपति को कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।
2. सिस्टम मैनेजर को इस आशय से कि विश्वविद्यालय से सम्वद्ध समस्त महाविद्यालयों को उनके लॉगिन आई.डी. के माध्यम से सूचित कराने का कष्ट करें।
3. सम्वद्ध पत्रावली।

08.12.22

कुलसचिव
सं.सं.वि.वि., वाराणसी